# यूपी को वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाएंगे : ब्रजेश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी को हमें वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाना है। संयुक्त रूप से हमें इस लक्ष्य की प्राप्ति करनी है। प्रदेश को देश में अव्वल नंबर पर लाने एवं वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने में स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे बुधवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। विधानसभा स्थित डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में यूपी को वन ट्रिलियन इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने में अब तक स्वास्थ्य विभाग की क्या प्रगति



**बैठक में डिप्टी सीएम ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

रही, इस विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हम लक्ष्य की प्राप्ति की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम जल्द ही स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों के साथ एक संयुक्त बैठक आहूत करेंगे।